nandgaon times feb-11-4.qxd 2/10/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

प्रदेश स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जी... पृष्ठ 2 | अवैध आरा मिलों के खिलाफ सख्त... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

बुधवार, 11 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 120, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## एक मंच, 6,412 विवाह और वर्ल्ड रिकॉर्ड : मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने रचा इतिहास



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने सामाजिक समरसता का नया इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में प्रदेशभर में कुल 6,412 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे, जिसे गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 1,316 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष आशीर्वाद दिया, जबकि अन्य जिलों के जोड़े वर्चुअल माध्यम से जुड़े। प्रत्येक दंपति को योजना के तहत 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह योजना केवल विवाह का आयोजन नहीं, बल्कि अंत्योदय, संवेदनशील शासन और सामाजिक एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जिस चिंता से गरीब परिवारों की बेटियां जुड़ी रहती थीं, उसे इस पहल ने सम्मान और भरोसे में बदला है। कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय सहित विभिन्न धर्मों और परंपराओं के जोड़ों ने अपने-अपने रीति-रिवाजों से विवाह किया, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक



**मुख्यमंत्री साय ने कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुवात भी की**

विविधता की झलक बना। इसी मंच से मुख्यमंत्री ने च्कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियानज्ज् का भी शुभारंभ किया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरगुजा और बस्तर संभाग के आठ जिलों में शुरू हुए इस अभियान को सफल होने पर पूरे प्रदेश में विस्तारित करने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने समाज की भागीदारी को इसकी सफलता की कुंजी बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ विकास की तेज राह पर अग्रसर है और सरकार ने दो वर्षों में च्मोदी की गारंटीज्ज् के अधिकांश वादे पूरे किए हैं। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता, तेंदूपत्ता संग्राहकों के मानक बोरा मूल्य में वृद्धि, चरण पादुका योजना का पुन: प्रारंभ, श्रीरामलला दर्शन योजना तथा भूमिहीन मजदूरों के लिए आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने योजना की निरंतरता को सरकार की प्रतिबद्धता बताया, वहीं कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इसे मुख्यमंत्री की संवेदनशील और सर्वसमावेशी सोच का प्रतीक कहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के



निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुनी। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्मा जयंती में घोषित 10 लाख की राशि शीघ्र जारी होगी ङ्क विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा स्पीकर हाउस में जिला साहू



संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं मीडिया प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कर्मा जयंती समारोह में साहू समाज को निर्माण कार्य हेतु घोषित 10 लाख रुपये की राशि अब तक अप्राप्त रहने को लेकर उन्हें स्मरण पत्र सौंपा गया। ज्ञात हो कि कर्मा जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने मंच से साहू समाज के भवन निर्माण एवं सामाजिक कार्यों के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। काफी समय बीत जाने के बावजूद राशि जारी नहीं होने पर जिला साहू संघ द्वारा यह विषय विधानसभा अध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया। स्मरण पत्र पर संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने आश्वस्त किया कि घोषित राशि जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

## पीएम श्री राजा सर्वेश्वर दास विद्यालय में कल्चरल फेस्ट तथा एल्यूमिनी मीट विषय पर संगोष्ठी का भव्य आयोजन

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का किया सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत संचालित पीएम श्री राजा सर्वेश्वर दास विद्यालय में दिनांक 9 फरवरी 2026 को कल्चरल फेस्ट एवं एल्यूमिनी मीत के विषय में एक गरिमा में भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन मंडल के अध्यक्ष आदरणीय श्री नीलू शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व विद्यार्थियों तथा भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंग भाटिया,भाजपा उत्तर मंडल कोषाध्यक्ष नरेंद्र हंसा, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, युवा नेता रिभय मधुसूदन यादव, श्रवण कुमार मिश्रा, गेमू कुंजाम, सतरुद्दीन बडगूजर, छत्तीसगढ़ रंगकमी सुदेश यादव ,मनीष गौतम, नीलम सोनी, प्रेम सोनकर, अजय सिंह राजपूत, कमलेश प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, हरीश सोनवानी ,अंशुल कसर, अनीश बोरकर, आलोक झा, सहित गणमान्य जन, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती माता व महंत राजा सर्वेश्वर दास जी



के तैल चित्र माल्यार्पण व पूजा अर्चना द्वारा किया गया स्वागत भाषण प्राचार्य श्री अमित घोष ने संस्था की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी तत्पश्चात साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने संस्था में लगातार हो रहे उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया की केंद्र व राज्य की सरकार मिलकर नवतरुणाई विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए सजग व समर्पित है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नीलू शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में इस संस्था से जुड़े अपनी पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि सर्वेश्वर दास स्कूल का बहुत पुराना इतिहास रहा है इससे जुड़े हुए विद्वानों का जिक्र करते हुए संस्था के भविष्य की मंगल कामना की साथ ही साथ अपने विद्यार्थी जीवन के गुरुजनों सहपाठियों को याद किया और बताया कि जिस स्कूल में स्वयं छात्र रहे हैं वहां मुख्य अतिथि के रूप में सम्मान पाना बड़े सौभाग्य की बात है तथा उन्होंने बताया आगामी एल्यूमिनी मीट का आयोजन भाव किया जाएगा जिसकी तैयारी भूतपूर्व छात्रों के साथ मिलकर की जा रही है जल्द ही उसे विषय पर रूपरेखा तैयार कर सभी को विदित किया जाएगा क्योंकि सर्वेश्वरदास विद्यालय एक ऐतिहासिक धरोहर है जिनके सम्मान में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन इतिहास रचेगा कमलेश सूर्यवंशी के द्वारा संस्था के विकास हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा भारतीय संस्कृति वी छत्तीसगढ़ी परंपरा को दर्शाता हुआ नृत्य ने सबका मन मोह लिया कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त समस्त विद्यार्थियों का मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया एवं विगत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया।

## ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के लिए हाहाकार, विकास कार्य पूरी तरह ठप

### सरपंच निर्वाचित हुए एक वर्ष बीता, अब तक नहीं पहुंची 15वें वित्त की राशि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की ग्राम पंचायतों में इन दिनों मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। पंचायतों के पास न तो विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं और न ही आवश्यक कार्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध हो पा रही है। हालात यह हैं कि पंचायत प्रतिनिधि चाहकर भी गांवों में जरूरी विकास कार्य नहीं करा पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बने दो वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इसके



बावजूद ग्राम पंचायतों को मिलने वाली 15वें वित्त आयोग की राशि अब तक पंचायतों के खातों में नहीं पहुंच पाई है। राशि के अभाव में पंचायतों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। ग्राम पंचायतों को इसी राशि से नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के कार्य कराए जाने होते हैं। लेकिन फंड नहीं मिलने के कारण न केवल नए कार्य रुक गए हैं, बल्कि कई पंचायतों में पहले से स्वीकृत कार्य भी अधूरे पड़े हुए हैं। सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर बार-बार उच्च अधिकारियों एवं शासन स्तर तक अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। राशि के अभाव में पंचायतें केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं, जिसका सीधा असर ग्रामीण जनता पर पड़ रहा है। ग्रामीणों में भी इस स्थिति को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे कार्य भी ठप पड़ गए हैं, जिससे रोजमर्रा की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। यदि शीघ्र ही लंबित राशि जारी नहीं की गई, तो गांवों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो जाएंगे। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस गंभीर स्थिति को कितनी गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायतों को राहत प्रदान करता है, ताकि गांवों में विकास और मूलभूत सुविधाओं का पहिया एक बार फिर से चल सके।

## ग्राम उसरीबोड मे क्षेत्रीय नाई सर्व सेन समाज द्वारा आज विशाल रक्तदान उत्सव शिविर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्रीय नाई सर्व सेन समाज सुरगीझसिघोला (परिक्षेत्र) के तत्वावधान में आगामी 11 फरवरी 2026, बुधवार को विशाल रक्तदान उत्सव शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शासकीय प्राथमिक शाला, उसरीबोड, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार यह रक्तदान शिविर संत शिरोमणी सेन महाराज जी की सेवा, समर्पण एवं मानव कल्याण की प्रेरणा को समर्पित रहेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नोहर कौशिक (ब्लॉक अध्यक्ष, सुरगीझसोमनी), निर्मल कुमार सेन (क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरगीझसिघोला परिक्षेत्र), प्रेम लाल सेन (क्षेत्रीय सचिव, सुरगीझसिघोला परिक्षेत्र) एवं मदन साहू (रक्तवीर), एल.आई.सी. प्रॉपर्टी सलाहकार आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही च्मेरा परिवार - रक्तदाता परिवार अभियान के तहत रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य महाकाल पगड़ी यात्रा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को प्रतिवर्षानुसार राजनांदगांव शहर में भव्य महाकाल पगड़ी यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा को लेकर महाकाल भक्तों का उत्साह चरम पर है। यात्रा में भगवान महाकाल राजस्वरूप चंद्रमौलेश्वर रूप में अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

**झांकी, ढोल नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ निकलेगी यात्रा**


महाकाल पगड़ी यात्रा में शिवभक्त भगवा रूप में, भजनों, ढोल-नगाड़ों और केसरिया झंडों के साथ, भव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण करेंगे। हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल, च्बोल बमज्ज् के जयघोष से वातावरण महाकाल का भक्तिमय रहेगा।

**स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी इस वर्ष की खास पहचान**

महाकाल पगड़ी यात्रा समिति के अनुसार इस वर्ष महाकाल पगड़ी यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रहेगी कि सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरी तरह स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

**ये रहेंगे प्रमुख शोभा यात्रा के आकर्षण**

महाकाल पगड़ी यात्रा के दौरान अघोरी नृत्य, जो स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, झांझ और मंजीरों की टोली द्वारा संगीतमय प्रस्तुति, स्थानीय भजन कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन गायन, पंथी नृत्य, जो



**महाकाल मय होगा राजनांदगांव**

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाएगा, बैंड-बाजा, जो यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करेगा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से शिव भक्ति के साथ-साथ लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। पूरी यात्रा के दौरान डी जे नहीं लगाया जाएगा।

**महाकाल पगड़ी यात्रा का निर्धारित मार्ग**

महाकाल सेना के अनुसार पगड़ी शोभायात्रा का शुभारंभ नंदई चौक से होगा, जो सदर बाजार ? भारत माता चौक ? महेश पथ ? गंज चौक ? भरका पारा ? काली माई मंदिर (शिव-शक्ति का मिलन) के बाद अग्रसेन चौक ? सुरजन गली ? कामठी लाइन स्थित सत्यनारायण मंदिर (हरि-हर का मिलन) से होते हुए भारत माता चौक ? महाकाल चौक ? ब्राह्मण पारा ? दुर्गा चौक ? नंदई से सिंगदई ? हल्दी मार्ग से गुजरते हुए महाकाल मंदिर सिंघौला में विश्राम करेगी।

**धार्मिक एकता का प्रतीक बनेगा शिव-शक्ति और हरि-हर मिलन**

यात्रा के दौरान काली माई मंदिर में शिव-शक्ति मिलन तथा सत्यनारायण मंदिर में हरि-हर मिलन विशेष आकर्षण रहेगा, जो सनातन संस्कृति की एकता और समरसता का संदेश देगा।

**अनुशासन और शांतिपूर्ण आयोजन की अपील**

आयोजक समिति के संयोजक नीलू शर्मा एवं पवन डागा ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें और आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से भक्ति और श्रद्धा के साथ सफल बनाएं। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## किसानों के लिए प्रारंभ हुआ अग्रिम खाद उठाव

### 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक अग्रिम उठाव उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं होगा अधिभारित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में आगामी खरीफवर्ष 2026 के लिए कृषकों को उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी ग्राम पंचायतों में लघु, सीमांत एवं महिला कृषकों की प्राथमिकता के आधार पर 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक उर्वरकों के अग्रिम उठाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा उन्हें उर्वरकों का अग्रिम उठाव कराया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य खरीफमौसम के दौरान किसानों को उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, संभावित कमी से बचाव करना तथा वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाये रखना है। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी खरीफ वर्ष 2026 हेतु 33500 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य अंतर्गत यूरिया 14000 मीट्रिक टन, डीएपी 9000 मीट्रिक टन, एनपीके 6000 मीट्रिक टन, एमओपी 1700 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 2800 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्यानुरूप सभी सहकारी समितियों में भण्डारण एवं समितियों से कृषकों को आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव से परस्पर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। 1 फरवरी से सभी सहकारी समितियों में उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण प्रारंभ हो चुका है।



राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत भानपुरी, पदुमतरा एवं पटेवा समिति, डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत लालबहादुर नगर, बागरेकसा, पनियाजोब एवं ठाकुरटोला समिति, छुरिया विकासखंड अंतर्गत गहिराभेड़ी, सड़क चिरचारी, साल्हेटोला एवं बम्हनी चारभांठा समिति में उर्वरकों के अग्रिम भण्डारण का कार्य किया जा चुका है। साथ ही अन्य समितियों द्वारा भी अग्रिम भण्डारण हेतु उर्वरकवार आरओ जारी किया जा रहा है। किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक अग्रिम रूप से उठाए गये रासायनिक उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी भी प्रकार का ब्याज अधिभारित नहीं किया जाएगा।

# प्रदेश स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ सब सम बसैं रविदास रहे प्रसन्न के रचयिता बेगमपुरा शहर की कामना रखने वाले, विश्व गुरु,महा कारुणिक,सब सबके मुक्ति दाता, रविदास समाज के पुर्वज,जाति व्यवस्था के घोर विरोधी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 649 वीं जयंती का आयोजन राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ के प्रज्ञागिरी तीर्थ स्थल पर संपन्न हुआ।

सर्व प्रथम प्रात: 8 बजे धर्म नगरी डोंगरगढ़ प्रज्ञा गिरी के पावन धरा पर सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों,संतो एवं सम्माननीय अतिथियों एवं स्थानीय सदस्यों द्वार संत शिरोमणि रविदास जी की भव्य शोभायात्रा संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर गोल बाजार होते हुए गुरुद्वारा रेलवे चौक जय स्तंभ होते हुए प्रज्ञा गिरी तक शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में पधारे हुए हमारे आदरणीय आचार्य महंत भारत भूषण दास जी बनारस प्रदेश महंत के आर पैगवार शसुरजीत कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष नामदेव कदम जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं डॉक्टर अरविंद माने प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ सामिल हुए तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरूद्वारा में शोभायात्रा का स्वागत किया गया एवं जलपान कराया गया तत्पश्चात शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह में सामिल हूआ। संत शिरोमणि रविदास जी की प्रदेश



स्तरीय जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रज्ञागिरी में प्रात: से ही दुखुदास हठिले एवं साथियों द्वारा गुरु रविदास जी की अमृत वाणी की संगीतमय प्रस्तुति दी गई तथा उपस्थित सभी अतिथियों एवं आयोजन कर्ताओं द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर रविदास जी की वन्दना के साथ मंचिय कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसमें सर्व रविदास समाज के पदाधिकारियों, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण विश्व संत शिरोमणि रविदास जी के सिद्धांतों को मानता है उनका सम्मान करता है और संत महापुरुषों के अमृत वचन किसी एक जाति के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के मुक्ति का मार्ग बतलाते हैं। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह में कुमार कारुणिक जिला साहित्य कार मुंगेली द्वारा लिखित संत शिरोमणि रविदास चालीसा का विमोचन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मन चंगा तो कठौती में गंगा का नारा गुंजता रहा तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा द्वारा रविदास जी का भजन प्रभुजी तुम चंदन हम पानी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भारतभूषण दास जी,प्रकाश महोबिया, सुरजीत कुमार, श नामदेव कदम राष्ट्रीय महामंत्री ध्रुव कुमार मिर्धा, गौतम टेटवाल, तरुण हथेल, बी सी जाटव,बुद्धेश्वर सोनवानी, डा वेणुधर रौतिया, कुमार कारुणिक, गुरविंदर सिंह, संजय कुर्रे जिला अध्यक्ष कोरिया, श्रीमती विमला सोनवानी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री एम के जगने जी ने संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशो को रेखांकित करते हुए उन्हें अपनाने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष विजय मेहरा, नरेन्द्र लाल चंचल प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं नन्दुराम राडेकर द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक लाल कुर्रे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं बी बी राम प्रांतीय प्रवक्ता द्वारा किया गया।

## संभाग स्तरीय रोजगार मेला 14 एवं 15 फरवरी को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा 14 एवं 15 फरवरी 2026 को संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन आर 2 कोहका भिलाई जिला दुर्ग में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के विभिन्न पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। संभाग स्तरीय रोजगार मेला हेतु आवेदकों एवं नियोक्ताओं को ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। रोजगार मेला में भाग लेने हेतु रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। रोजगार पंजीयन के लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन एवं जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है। संभाग स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक नियोजक ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीकृत हो सकते हैं। मेला के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एवं दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर संपर्क कर सकते हैं।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आसरा में भगवताचार्य वेदव्यास तिलेंद्र महाराज का आगमन, बच्चों को दिया आशीर्वाद

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आसरा में उस समय आध्यात्मिक एवं



प्रेरणादायी वातावरण निर्मित हो गया, जब प्रसिद्ध भगवताचार्य श्री वेदव्यास तिलेंद्र महाराज विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए नैतिक शिक्षा, संस्कार और अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया और आशीर्वचन प्राप्त किया। ग्राम आसरा में साहू परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के कथा वाचक के रूप में पधारे महाराज जी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, गुरु सम्मान और सत्संग के महत्व को समझाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक श्री पारधी तथा कथा आयोजक डेरहा साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक रेवतीरमन वैष्णव, कोठारी सर, ललित पड़ौती, खोमेंश्वर साहू, चरणदास साहू सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय जस गायन और झांकी प्रतियोगिता सम्पन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नव जागृति सेवा भजन मंडली के तत्वधान मे ग्राम रूपाकाठी रीवागहन के तत्वाधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय



चलने वाले इस प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों द्वारा जस झांकी व गायन का नाटकीय प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया,समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डोंगरगाव जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीता कपिल पड़ोती ने किया। विशेष अतिथि भाजपा मंडल अर्जुनी महामंत्री अजय वैष्णव, जनपद पंचायत सदस्य दीपक डोमन पटेल अर्जुनी डॉक्टर हंसराज सोनकर, उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाविश निक्की, सुंदर लाल साहू सहित गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी व बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे , श्री गाँधी ने अपने उद्बोधन मे कहा इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज मे स्वस्थ आचरण व अच्छे संस्कार उत्पन्न करता है, इस तरह के आयोजन से जनमानस को अपने धर्म के प्रति एकता और सजगता के लिए प्रेरित करता है ।

# जिला साहू संघ अध्यक्ष पद को लेकर सियासी - सामाजिक हलचल तेज

### 10 से अधिक दावेदार मैदान में पाँच नाम सबसे आगे घोषणा से पहले ही चुनावी माहौल गर्म

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियाँ अपने चरम पर पहुँच चुकी हैं। भले ही अभी तक चुनाव की तिथि और प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई हो लेकिन दावेदारों की सक्रियता ने पूरे जिले में चुनावी माहौल बना दिया है। सूत्रों के अनुसार औपचारिक घोषणा होते ही चुनावी रणभेरी बजना तय माना जा रहा है। जिला साहू संघ का अध्यक्ष पद न केवल सामाजिक बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यही कारण है कि इस बार 10 से अधिक दावेदार अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हुए हैं। नए और अनुभवी चेहरों की मौजूदगी ने मुकाबले को और भी रोचक बना दिया है। दावेदारों की लंबी सूची में से फिलहाल पाँच नाम ऐसे हैं जो संगठन में मजबूत पकड़, सामाजिक स्वीकार्यता और राजनीतिक-संगठनात्मक अनुभव के कारण सबसे आगे माने जा रहे हैं

**कुलेश्वर साहू** - कुलेश्वर साहू पूर्व नगर साहू संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वर्तमान में जिला साहू संघ में भवन प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अपने लंबे संगठनात्मक सफर में उन्होंने जिला साहू संघ में महामंत्री एवं उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ में कार्यकारिणी सदस्य, जिला साहू युवा प्रकोष्ठ में सचिव, जिला साहू युवा मंच में महामंत्री



तथा साहू छात्रावास में कोषाध्यक्ष जैसे अनेक दायित्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक कार्य किया है। उन्होंने वर्ष 1990 में युवा मंच के माध्यम से संगठनात्मक कार्यों की शुरुआत की और 1992 में युवक युवती परिचय सम्मेलन की शुरुआत की, नगर साहू संघ राजनांदगांव में संगठन को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही पूर्व में जिला साहू समाज के दो गुटों को एकजुट करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनका व्यापक अनुभव, समर्पण और नेतृत्व क्षमता उन्हें एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है।

**टोमन साहू** - टोमन साहू की पहचान एक सक्रिय और ज़मीनी नेता के रूप में है। वे तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक, परिक्षेत्र साहू समाज अमलीडीह के पूर्व अध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक, छ.ग. प्रदेश साहू संघ के पूर्व प्रचार सचिव, जिला युवा प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे राजनीतिक प्रकोष्ठ के सह-संयोजक और प्रदेश संयुक्त सचिव हैं।

**ओम प्रकाश साहू** - ओम प्रकाश साहू का नाम राष्ट्रीय फलक पर भी चर्चित है। वे अखिल भारतीय तैलिक महासभा युवा प्रकोष्ठ, नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। वे दो बार कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रायपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला कार्यकारी अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं।

**शेखर साहू** - इंजीनियर शेखर साहू जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के संयोजक रह चुके हैं। युवा वर्ग और शिक्षित समाज के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है जिससे वे एक उभरते हुए मजबूत दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं।

**धरमदास साहू** - धरमदास साहू जिला साहू संघ में न्याय प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक और पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके हैं। संगठनात्मक अनुशासन और अनुभव के कारण उनका नाम भी प्रमुख दावेदारों में शामिल है।

अधिकांश दावेदारों की राजनीतिक सक्रियता और पृष्ठभूमि भी समाज में चर्चा का विषय बनी हुई है। यही वजह है कि इस चुनाव को केवल सामाजिक नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी बेहद अहम माना जा रहा है। फिलहाल पूरे साहू समाज की निगाहें जिला साहू संघ की आधिकारिक घोषणा पर टिकी हुई हैं। जैसे ही चुनाव की तिथि और प्रक्रिया सामने आएगी यह साफ़ हो जाएगा कि अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन बाज़ी मारता है।

## भाजपा सरकार ने शिक्षा को भी नहीं छोड़ा, बोर्ड शुल्क बढ़ाकर विद्यार्थियों पर डाला अतिरिक्त बोझ - ऋषि शास्त्री

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा



सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार महंगाई थोपे जाने का सिलसिला जारी है। अब छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2026- 27 से 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि कर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर सीधा आर्थिक बोझ डाल दिया है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि जहां पहले नियमित छात्रों को परीक्षा, अंकसूची एवं प्रायोगिक परीक्षा के लिए कुल 460 रुपये शुल्क देना पड़ता था, वहीं अब यह बढ़ाकर 800 रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही आवेदन फॉर्म की फीस भी 80 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये कर दी गई है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि शुल्क वृद्धि का असर केवल नियमित छात्रों पर ही नहीं, बल्कि एक या दो विषय की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों, स्वाध्यायी स्ष्/स्ञ्ज छात्रों तथा राज्य के बाहर से परीक्षा देने वाले छात्रों पर भी पड़ा है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति और अधिक प्रभावित होगी। शास्त्री ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब महंगाई पहले से ही आम जनता की कमर तोड़ चुकी है। भाजपा सरकार का यह कदम च्शिक्षा सबके लिएज्ज् की अवधारणा के विपरीत है और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई इस अनुचित वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए तथा विद्यार्थियों को राहत प्रदान की जाए, ताकि कोई भी छात्र केवल आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न हो।

# बिटाल मे आयोजित कबीर सत्संग समारोह में विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम बिटाल (बांधाबाजार) में दिनांक 09 एवं 10 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय श्री सदगुरु कबीर सत्संग एवं सोलह सूत्र चौका आरती कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में खुज्जी विधानसभा के जनप्रिय विधायक भोलाराम साहू की गरिमामयी सहभागिता ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस श्री सदगुरु कबीर सत्संग एवं सोलह सूत्र चौका आरती का आयोजन हुआ, जिसमें आचार्य पं. हुजूर मंगल साहेब (कबीर मठ नादिया), धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब, महंत गिरवर साहेब, महंत ज्ञानेश्वर साहेब, महंत परस साहेब सहित अनेक संत-महंतों ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया। संतों ने अपने विचारों में सदगुरु कबीर साहेब के जीवन दर्शन को समाज के लिए पथप्रदर्शक बताते हुए भाईचारा, समरसता, सत्य, अहिंसा एवं सदाचार को अपनाने का संदेश दिया। सत्संग के दौरान कबीर वाणी से संपूर्ण पंडाल भक्तिरस में डूबा रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा ग्राम एवं आसपास का क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने संत-महंतों का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कबीर साहेब के विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं और ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदेराम साहू सचिव, किसान कांग्रेस, जागेश्वर दास साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ मोहला, पंकज दमगरे, पूनम चंद साहू, दिनेश साहू जिलाध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग समाज मोहला, भागवत राम, समल साहू, छन्नू साहू, जेपी मंडावी, पुरन लाल साहू भंडारीभरदा, हरिदास साहू, केशव मालेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और संतों के श्रीमुख से ज्ञानरूपी अमृतमयी कथाओं का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया।

## मछली पालन और खेतो की सिंचाई का साधन बनेगा आजीविका डबरी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार



गारंटी योजना का उददेश्य ग्रामीणो को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे परिसम्पत्तियों का निर्माण करना है जिससे ग्रामीण आत्मनिर्भर होकर आर्थिक गतिविधियों का संचालन कर सके। आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हुए गांव के अर्थव्यवस्था में भी सहयोग दे सके। इसी उददेश्य की पूर्ति के लिए जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत लोखान के ग्राम कमराखोल में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के दिव्यांग हितग्राही अंधरू बैगा के लिए निर्मित कराया जा रहे आजीविका डबरी सुनहरे भविष्य की निंव रखेगा। ग्राम सभा में मनरेगा अंतर्गत कराए जाने वालें कार्यो का विवरण प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणो को अधिक से अधिक आजीविका डबरी के कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके फायदे जानकर हितग्राही अंधरू बैगा द्वारा अपने लिए आजीविका डबरी का निर्माण करने की मांग किया गया। हितग्राही पूर्व से महात्मा गांधी नरेगा योजना में जॉब कार्ड-ष्ट॥02-004-113-002-113 से पंजीकृत होकर कार्य करते रहें है। ग्राम सभा के द्वारा प्रस्ताव पारित कर राशि 1.05 लाख रूपये की लागत से इनके लिए आजीविका डबरी स्वीकृत कराया गया।

**राजनांदगाँव कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ0ग0)**

**// निविदा सूचना//**

कं. / निविदा/लोक-11/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 04/02/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रूपये लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं 16 तुलसीपुर वार्ड में नाली एवं सीसी रोड मरम्मत कार्य | 1.50 | 25/2/26 |
| 2 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत्त विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के पास स्थित गार्डन में रंग-रोगन एवं विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय के अन्य मरम्मत कार्य | 1.38 | 25/2/26 |
| 3 | मरम्मत संधारण मद अंतर्गत वार्ड नं. 03 मोतीपुर स्थित सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य | 1.25 | 25/2/26 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य 'शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, 'शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि./ यां.) खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

इस कार्यालय की निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 14/2025-26 (प्रथम आमंत्रण) दिनांक **21.01.2026** के द्वारा जिला दुर्ग के अन्तर्गत विभागीय हाईड्रोफेक्चर यूनिट में निम्न कार्य Shifting of the departmental Hydrofracturing unit (i.e. CG 02-3217) and remounting of all existing equipment along with accessories on the newly provided departmental Ashok Leyland (1920 Model) 20 feet chassis including all necessary modifications, fabrication, repairs, refurbishing and installation works as per detailed technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) including trial & testing. निविदा शून्य होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी- 252606536

कार्यपालन अभियंता (वि./यां.) खंड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

**1-4-7**

**479-0 244-0**

**भाग्यांक**

**126-9 157-3**

**नाम परिवर्तन**

मैं, सोनऊ राम साहू पिता श्री नारायण साहू जाति तेली निवासी ग्राम तुमड़ीबोड़ तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम सोनू राम साहु पिता श्री नारायन साहु दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम सोनऊ राम साहू पिता श्री नारायण साहू दर्ज किया जावे।

**सोनऊ राम साहू**
**पिता श्री नारायण साहू**
निवासी ग्राम तुमड़ीबोड़
तह.-डोंगरगांव,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

# मनेरी में विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक को ग्राम पंचायत में प्रसारित करने पहुंचे

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी डोंगरगांव मंडल भाजपा द्वारा विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक को ग्राम पंचायतों तक प्रसारित करने हेतु ग्राम पंचायत मनेरी पहुंचे। केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की जनहितैषी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लाए गए विधेयक विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास व ग्रामों में निवासरत लोगों की समृद्धि के लिए लाया गया है को ग्राम पंचायतों में प्रचारित व प्रसारित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी मंडल डोंगरगांव की संयुक्त टीम ग्राम पंचायत मनेरी पहुंची जहां ग्राम पंचायत में रोजगार



गारंटी योजनांतर्गत चल रहे कार्यों को कार्यस्थल में पहुंच कर कार्य कर रहे सभी श्रमिकों से भेंट कर योजना की विस्तृत जानकारी साझा की साथ ही उपस्थित श्रमिकों को योजना के फायदे बताए गए तथा उनके समस्याओं को सुना साथ ही बताई गई समस्याओं का त्वरित निदान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि - यह विधेयक कांग्रेस कार्यकाल में लाए गए मनरेगा से कहीं ज़्यादा बेहतर, रोजगारमूलक, व ग्राम पंचायतों में निवासरत श्रमिकों के समृद्धि सशक्तिकरण व उनके रोजगार के साथ भुगतान की गारंटी वाली योजना है। मान. मोदी जी की संवेदनशीलता व देश की जनता के प्रति अपनी वचनबद्धता व महिला सशक्तिकरण की सच्ची भावना व समर्पण का यह जीवंत प्रतीक है।मोदी जी की गारंटी है यह योजना, जिसमें ग्राम पंचायतों के सम्पूर्ण विकास का ध्यान रखा गया है।

यह विधेयक रोजगार की समुचित गारंटी है विकास और सामाजिक समरसता का संतुलन पर आधारित है और इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त रोजगार प्रदान करना है। इस दौरान प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी मंडल डोंगरगांव के मंडल अध्यक्ष दिना पटेल वरिष्ठ नेता गुलशन हिरवानी, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, सतीश पाण्डेय, पार्षद लक्ष्मी सेन, मीडिया प्रभारी गौरव यदु ग्राम पंचायत मनेरी के सरपंच भीषम साहू, मेट सहित कार्यस्थल पर कार्यरत ग्राम पंचायत की समस्त कार्यरत महिला श्रमिक और ग्रामीण जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र. 20251092100053/2 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगल पिता मनीराम जाति लोधी निवासी ग्राम मोहारा तहसील डोंगरगढ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम मोहारा प.ह.न. 05 रा.नि.म. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं 831 / 16 रकचा 0.8580 हेक्टेयर आवेदक के स्वयं के नाम पर भूमि स्वामी हक पर दर्ज है उपरोक्त भूमि खसरा नं. 831/16 रकबा 0.858 हे. में से 0.12 एकड 0.048 हे भूमि को व्यवसायिक परिसर हेतु व्यपवर्तन कराना चाहता हूँ। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का व्यवसायिक परिसर हेतु व्यपवर्तन करने का निवेदन किया गया है। अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 11/02/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/ 01 / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व)**
**डोंगरगढ़**

# अवैध आरा मिलों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र डौंडी लोहारा क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया गया

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** वन विभाग बालोद द्वारा अवैध आरा मिलों के खिलाफसख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र डौंडी लोहारा क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य वन क्षेत्रों की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक और शासन के वन संरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना रहा।

**10 किमी परिधि नियम का सख्त पालन**

शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी वन क्षेत्र की सीमा से 10 किलोमीटर की हवाई दूरी की परिधि के भीतर बिना वैध अनुमति के आरा मिल (आरा मशीन) का संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित है। इसी नियम के तहत कार्रवाई करते हुए, परिधि क्षेत्र में संचालित 6 अवैध आरा मशीनों को चिन्हित कर मौके पर ही सील बंद कर दिया गया।

**शासन के नियमों के तहत कार्रवाई**

यह पूरी कार्रवाई भारतीय वन अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम, तथा राज्य शासन के वन एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों के अंतर्गत की गई है। नियमों के अनुसार बिना पंजीकरण, अनुमति एवं वैध दस्तावेजों के आरा मिल का संचालन दंडनीय अपराध है।

**प्रकरण दर्ज, विवेचना प्रारंभ**

संबंधित आरा मिल संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विधिवत विवेचना (जांच प्रक्रिया) प्रारंभ कर दी गई है। जांच के दौरान दस्तावेजों की सत्यता, लकड़ी के स्रोत, परिवहन प्रक्रिया एवं वन संपदा को हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है।



इस संबंध में जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि —

ह्लशासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि वन क्षेत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। 10 किलोमीटर परिधि नियम का उल्लंघन करने वाली किसी भी आरा मिल को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फशुरुआत है। जिले में संचालित सभी आरा मिलों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अवैध संचालन, लकड़ी तस्करी और वन संपदा के दोहन पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा स्पष्ट है — वन बचेगा, तभी भविष्य बचेगा।

**वन संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम**

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासन की ह्लशून्य सहनशीलता नीतिह्व (ॅी1ड्म ळड्म'ी1ह्ली ढड्म'रू8) के तहत अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और अवैध आरा मिल संचालन पर कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यह अभियान वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**जनसहयोग की अपील**

जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी या अवैध आरा मिल संचालन की जानकारी मिले, तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। जनसहयोग से ही वन संरक्षण संभव है — इसी उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। यह कार्रवाई न केवल कानून के पालन का उदाहरण है, बल्कि शासन की पर्यावरण-संरक्षण नीति को ज़मीन पर उतारने का एक सशक्त संदेश भी है।

## ज्ञान मंथन

*1) भारत की पहली समुद्री तट-वाडर्स पक्षी जनगणना किस स्थान पर आयोजित की गई थी?*
*2) हाल ही में भारतीय स्किमर पक्षी तेलंगाना में किस बांध पर देखे गए, जो राज्य के लिए पहली बार है?*
*3) किस संस्थान ने दर्द रहित इंजेक्शन के लिए सुई रहित शॉक सिरिंज विकसित की है?*
*4) गुप्त काल के दौरान चिकित्सा के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए कौन प्रसिद्ध है?*
*5) हिटेश गुलिया ने ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में कौन सा पदक जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मरीन नेशनल पार्क, जामनगर (2) लोअर मनेर बांध (3) आईआईटी बॉम्बे (4) सुश्रुत (5) स्वर्ण

# गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों का हिन्दी ऑलंपियाड फाउंडेशन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 में हिन्दी ऑलंपियाड फाउंडेशन



द्वारा आयोजित परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर संस्था को गौरवान्वित किया। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपनी भाषिक दक्षता, व्याकरणिक ज्ञान, पठन-पाठन कौशल एवं सृजनात्मक सोच का प्रभावशाली परिचय दिया। विद्यालय की हिन्दी ऑलंपियाड फाउंडेशन परीक्षा समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं के अनेक विद्यार्थियों ने विशेष अंक, प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्राप्त कर विद्यालय की हिन्दी शिक्षण परम्परा को सुदृढ़ किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की सतत मेहनत, अनुशासन तथा हिन्दी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि हिन्दी ओलम्पियाड जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रूचि, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करती है। हिन्दी विभाग द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों का ही यह सकारात्मक परिणाम है। इस परीक्षा में कक्षा पहली से तिविश चिराग खंडेलवाल ने सिल्वर मेडल, गीविता नामदेव, अनंत खंडेलवाल ने ब्रांज मेडल, कक्षा दूसरी से खुशी सार्वा गोल्ड मेडल, शिवांश साहू, आदित्य अग्रवाल, चार्वी वैष्णव ने सिल्वर मेडल, मोक्ष साहू, वेद यादव, दूर्विशा साहू ब्रांज मेडल, कक्षा तीसरी से प्रकृति जैन गोल्ड मेडल, चिन्मय साहू कक्षा चौथी से गोल्ड मेडल, अनुशा मिश्रा सिल्वर मेडल, सानिध्य साहू गोल्ड मेडल, शौर्य साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कक्षा छठवीं से सृष्टि चंद्राकर गोल्ड मेडल, ऐश्वर्या कसार सिल्वर मेडल, कक्षा सातवीं से सोनाक्षी बल्हारे गोल्ड मेडल, रूद्राक्ष साहू, आध्या भोईर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आर्ची विश्वकर्मा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं से वंशिका साहू गोल्ड मेडल, कक्षा नवमीं से रमनदीप कौर को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, गायत्री शिक्षण समिति से श्री मनोज चितालंग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित

# तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का समापन भक्तों की भारी भीड़ रही

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम बांकल (स्टेशन) में 6 फरवरी से 8 फरवरी तक तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें आज अंतिम दिन बांकल सहित आसपास गांव के सैकड़ों भक्तों की भीड़ सत्संग को सुनने पहुंची थी, जिसमें पाटेश्वर धाम के संचालक श्री राम बालक दास जी महात्यागी श्री बाल योगेश्वर जी ने हिंदुत्व, गौ माता, धर्मान्तरण की साजिश रचने वालों, बरगलाने वाले लोगों से सावधान रहने, आहार, विहार और विचार को शुद्ध रखने, बच्चों को संस्कार कैसे दें, चरण स्पर्श का महत्व, सहित महत्वपूर्ण विषयों को बारी बारी से सत्संग के माध्यम से समझाने का प्रयास किया और जीवन में उतारने की बात भी कही। आज अंतिम दिन सत्संग समाप्ति के बाद पूजा आरती की गई, अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सम्मान किया गया, शाम को भोजन प्रसादी भंडारा रखा गया। फोटोग्राफी के लिए शुभम सिन्हा (फोटोग्राफर) ने फोटोग्राफी की। इस सत्संग, प्रवचन के आयोजक ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों, बांकल (स्टेशन) का सहयोग रहा।



# भगवान कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनाई, झालेंद्र शास्त्री जी ने बताया जीवन के कठिनाइयों का सामना करने का तरीका

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाटापारा में चल रही भव्य श्री मद्भागवत कथा में आज भगवान कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनाई गई। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक झालेंद्र शास्त्री जी ने बताया कि भगवान कृष्ण का जीवन कितना कठिन था, 6 दिन में ही भगवान को पूतना का विष पान करना पड़ा और बहुत सारी विपत्ति आई भगवान पर। महाराज जी ने कहा कि भगवान ने कभी भी जीवन में हार नहीं माने, उन्होंने इसे सहकर दुनिया को यह दिखाया कि जीवन में अनेक विपत्ति आएगी, परंतु इसका डट के सामना करें। भगवान कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनकर श्रोताओं में भक्ति और उत्साह का संचार हुआ।महाराज जी ने कहा कि दुख मानव की संपत्ति है, हमको दुख से नहीं घबराना चाहिए और सुख में भगवान को कभी भूलना नहीं चाहिए। कथा का आयोजन 5 तारीख से 13 तारीख तक किया जा रहा है, जिसमें महाराज जी द्वारा विभिन्न कथाओं का वर्णन किया जा रहा है।



# आईजी बालाजी राव सोमावार का संदेश, पुलिस केवल कानून नहीं बल्कि सामाजिक विकास की भागीदार

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव रेंज के आईजी बालाजी राव सोमावार द्वारा कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का भ्रमण कर सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। वनांचल ग्राम देवान पटपर में बैगा आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक नृत्य के माध्यम से आत्मीय स्वागत, पुलिस एवं समुदाय के बीच विश्वास का सशक्त उदाहरण बना। स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण कर शिक्षा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के महत्व पर ङ्कत्र द्वारा प्रेरणादायक संवाद किया गया।आईजी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का कर्तव्य केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक विकास, शिक्षा और विश्वास निर्माण भी पुलिसिंग का अभिन्न हिस्सा है। कबीरधाम पुलिस के सामुदायिक प्रयासों को सराहते हुए ङ्कत्र ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि लापरवाही एवं गैरजिम्मेदारी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार द्वारा आज दिनांक 10.02.2026 को कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने थाना कुकदूर अंतर्गत ग्राम देवान पटपर पहुंचकर सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का अवलोकन किया। ग्राम देवान पटपर पहुंचने पर बैगा आदिवासी समाज के ग्रामीणों एवं बच्चों द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक का आत्मीय एवं सांस्कृतिक स्वागत किया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार किए गए इस स्वागत ने पुलिस एवं स्थानीय समुदाय के बीच आपसी विश्वास, सम्मान और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री बालाजी राव सोमावार द्वारा ग्राम के स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री जैसे कॉपियां, पुस्तकें, पेन-पेंसिल, रंग सामग्री एवं अन्य अध्ययन उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों में इस अवसर को लेकर विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखी गई। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि वनांचल के बच्चे समाज का भविष्य हैं और इन्हें शिक्षा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी है। सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से शिक्षा, जागरूकता और विश्वास निर्माण की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम पुलिस द्वारा जिस संवेदनशीलता और समर्पण के साथ वनांचल क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है।



# मुख्यमंत्री साय सामुहिक विवाह में वर्चुअल रूप से जुड़कर नव विवाहितों को दिया आशीर्वाद

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** मंगलवार के शुभ मुहूर्त पर आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रिती-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 272 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। सरदार पटेल मैदान में आयोजित इस समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले सभी नवदंपतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पंडित द्वारा वर-वधुओं को सात वचनों का संकल्प दिलाया गया, जिसके साथ ही विवाह की रस्में संपन्न हुईं। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मंच पर पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक और सामग्री भेंट किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की परेशानियों को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की थी। पहले बेटियों की शादी के लिए परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था, लेकिन इस योजना ने उनकी बड़ी चिंता दूर की है। वर्तमान में इस योजना के तहत 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाता है। इस पहल से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिला है और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो रहा है।




## धर्म समाचार....

# महाशिवरात्रि पर ग्रहों का महासंयोग! इन राशियों के जीवन से दूर होगा हर संकट और बढ़ेगा बैंक बैलेंस




हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल रविवार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव और मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही शीघ्र विवाह, मनचाहा जीवनसाथी और वैवाहिक जीवन में सुख और शांति के लिए व्रत रखा जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो रविवार 15 फरवरी को चंद्रमा अपना स्थान परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों पर भगवान शिव की कृपा बरसेगी। इनमें दो राशि के जातकों को विशेष फायदा होगा। आइए, जानते हैं-

**धनु राशि**- महाशिवरात्रि के दिन धनु राशि के जातकों पर चंद्र देव की विशेष कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से न केवल मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी, बल्कि आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मन प्रसन्न रहेगा। महादेव की कृपा से कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार के सदस्यों का आपको प्यार और स्नेह मिलेगा। स्टडी से जुड़े लोगों को भी फायदा मिलेगा। अपनों का साथ मिलेगा। साथ ही किसी धार्मिक स्थान की यात्रा कर सकते हैं। भगवान शिव की कृपा पाने के लिए महाशिवरात्रि के दिन गंगाजल से महादेव का अभिषेक करें।

**मीन राशि**- महाशिवरात्रि के दिन मीन राशि के जातकों पर महादेव की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से शुभ कामों में सफलता मिलेगी। अटके काम बनेंगे। कारोबार में तेजी देखने को मिलेगी। आर्थिक संकट से मुक्ति मिलेगी। बड़े भाई या बहन का साथ मिलेगा। किसी विशेष काम की आप शुरुआत कर सकते हैं। महाशिवरात्रि के दिन भक्ति भाव से शिव-पार्वती की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय केसर युक्त दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें। इसके साथ ही सफेद चीजों का दान करें।

## क्या आपके घर के मुख्य द्वार पर रखी हैं 5 चीजें, तो समझ लें कंगाली को दे रहे न्योता

वास्तु शास्त्र में घर के मुख्य द्वार से जुड़े नियम के बारे में बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि मुख्य द्वार से घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है। इसलिए मुख्य द्वार पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। साथ ही कूड़ेदान और जूते-चप्पल न रखें। वास्तु शास्त्र के अनुसार, मुख्य द्वार पर वर्जित चीजों को रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा आती है, जिससे परिवार के सदस्यों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में आपको बताते हैं कि घर के मुख्य द्वार पर किन चीजों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।

**जूते-चप्पल**- घर के मुख्य पर जूते-चप्पल नहीं रखने चाहिए। वास्तु के अनुसार, इस गलती को करने से घर में दरिद्रता का आगमन होता है, जिसका प्रभाव परिवार के सदस्यों पर पड़ता है। यह गलती धन की प्राप्ति रोक सकती है।

**कूड़ा और डस्टबिन**- वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर कूड़ा या डस्टबिन रखना वर्जित है, क्योंकि कूड़ा नकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। जिस घर के मुख्य द्वार पर कूड़ा या डस्टबिन होता है। उस घर में दरिद्रता का वास होता है। मानसिक तनाव, कलह और आर्थिक बाधाओं समेत कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**टूटा हुआ सामान**- इसके अलावा घर के मुख्य द्वार पर टूटा हुआ सामान या फिर कबाड़ कभी भी नहीं रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार, इस तरह की गलती करने से घर की उन्नति रुक जाती है और राहु-केतु का प्रभाव बढ़ जाता है।

**कांटेदार पौधे**- घर के मुख्य द्वार पर कांटेदार पौधे नहीं लगाने चाहिए। वास्तु के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर कांटेदार पौधे लगाने से रिश्तों में कड़वाहट आती है और जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

**इस बात का रखें ध्यान**- मुख्य द्वार पर कभी भी अंधेरा नहीं होना चाहिए। शाम को मुख्य द्वार पर लाइट जरूर जलाएं। ऐसा माना जाता है कि जिस घर के मुख्य द्वार पर रोशनी नहीं होती है। वहां धन की देवी मां लक्ष्मी वास नहीं करती हैं। अंधेरा नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# ऊर्जा उत्पादन एवं संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना - मधु

## अब पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन होगा महापौर मधुसूदन का निवास, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए महापौर मधुसूदन की अनूठी पहल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव ने अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कनेक्शन लेकर मोदी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में शामिल होकर, शहर की जनता के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की है और शहर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। महापौर मधुसूदन ने अपने घर के छत पर 3 के.व्ही. का सोलर प्लांट लगवाया है, और तो और उन्होंने अपने अनुज मदन (मोंटू) यादव को भी प्रेरित करके उनसे भी घर की छत पर 3 के.व्ही. का सोलर प्लांट लगवाया है। इस प्रकार राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने अपने परिवार को बिजली उत्पादन के क्षेत्र आत्मनिर्भर बना लिया है । महापौर मधुसूदन ने बताया कि अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत सोलर प्लांट लगाकर उन्होंने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किये जा रहे प्रयासों में अपनी सहभागिता निभायी है और एक छोटा सा योगदान दिया है। महापौर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना ऊर्जा उत्पादन एवं संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी । पूर्व सांसद ने दावा किया कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जनता का अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। इस योजना से न केवल स्वच्छ, प्रदूषणमुक्त एवं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रह



है, बल्कि लोगों को बिजली बिल के बचत से आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है, और लोग ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं, जो भविष्य में विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा। महापौर ने योजना का विस्तृत ब्यौरा देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित करने पर शासन द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर 30 हजार केंद्र से व 15 हजार राज्य से, कुल 45 हजार रू. की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट पर 90 हजार तक कुल सब्सिडी, जिसमें 60 हजार केंद्रान्श से तथा 30 हजार राज्यांश से मिलती है। 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट स्थापना पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार से 30 हजार रुपये कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सबसिडी दी जा रही है, जिसके कारण जनता के लिये सौर ऊर्जा को अपनाना सरल-सुलभ हुआ है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। महापौर ने जनमानस से केन्द्र शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर शीघ्रातिशीघ्र लाभान्वित होने की अपील की है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का समर्पण दिवसः एक राष्ट्रपुरुष की विरासत को याद करने का अवसर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने



पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के समर्पण दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का समर्पण दिवस मनाया जाएगा, जो एक राष्ट्रपुरुष और एक महान विचारक के रूप में उनकी विरासत को याद करने का अवसर है। हरीश शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और सिद्धांतों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विरासत को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें। इस अवसर पर, जिला भाजपा परिवार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और उनके जीवन और कार्यों को याद किया जाएगा।

## तोरनकट्टा मे 14 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम तोरणकट्टा (सोमनी) जय बुढादेव कबड्डी दल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आगामी 14 फरवरी को रात्रिकालीन एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सैन जनक उइके ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा इसी तरह से द्वितीय 3001 रुपए एवं वीनरकप, तृतीय 2001 रुपए एवं वीनर कप एवं चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए एवं वीनर कप प्रदान किया जाएगा। आयोजक समिति के अध्यक्ष शिवकुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष डिगेश्वर ठाकुर, सचिव मगन यादव, सुभाष ठाकुर, कप्तान देवेंद्र ठाकुर उपकप्तान लोकेश ठाकुर सहित आयोजन समिति द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी है ।

## विकासखंड डोंगरगढ़ में एमडीए अभियान का उद्घाटन संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान का शुभारंभ दिनांक 10-02-



2026 को विकासखंड डोंगरगढ़ में किया गया। अभियान का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम बीएमओ के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, बी पी एम , बी ई टीओ , मलेरिया पर्यवेक्षक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे ने स्वयं दवा सेवन कर आमजन से एमडीए अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु एमडीए अभियान के महत्व की जानकारी दी गई तथा सभी पात्र नागरिकों से निर्धारित दवा का सेवन करने का आग्रह किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि एमडीए के अंतर्गत दी जाने वाली दवा पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। इस आयोजन से विकासखंड डोंगरगढ़ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सशक्त जनसमर्थन मिला है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी • टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU

# बस्तर में लाल आतंक को बड़ा झटका, 1.61 करोड़ के इनामी 51 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 34 महिलाएं शामिल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में सुरक्षा बलों और राज्य सरकार की 'पुनर्वास नीति' को एक ऐतिहासिक कामयाबी मिली है। शनिवार को सुकमा और बीजापुर जिले में कुल 51 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। इस समर्पण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें पुरुषों की तुलना में महिला कैडर्स (34) की संख्या अधिक है।आत्मसमर्पण के तुरंत बाद, शासन की नीति के अनुसार सभी 51 पूर्व-नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। आत्मसमर्पण करने वाले प्रत्येक नक्सली को 25,000 रुपये की तात्कालिक नकद सहायता राशि दी गई ताकि वे अपनी शुरुआती जरूरतें पूरी कर सकें। इसके अलावा पुनर्वास नीति के तहत, इन नक्सलियों पर घोषित 1.61 करोड़ रुपये की इनाम राशि (जैसे DVC मेंबर्स के लिए 8 लाख और ACM के लिए 5 लाख) भविष्य में उनके कौशल विकास, आवास और स्थायी पुनर्वास के लिए किश्तों में उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी। शासन की नीति के अनुसार, उनके 'कैडर' (पद) और उनके द्वारा सौंपे गए हथियारों की श्रेणी के आधार पर अतिरिक्त बोनस राशि तय की गई है। बरामद हथियारों (AK-47, SLR,




इंसास) की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

**बैलिस्टिक मिलान** - पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सरेंडर किए गए 3 AK-47 और 2 SLR में से दो हथियारों के सीरियल नंबर उन हथियारों से मेल खाते हैं जो कुछ साल पहले एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों से लूटे गए थे।

**फॉरेंसिक जांच**- बाकी हथियारों और भारी मात्रा में बरामद कारतूसों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका उपयोग किन-किन बड़ी नक्सली वारदातों में हुआ था।इन नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस और प्रशासन निम्नलिखित कदम उठाएगा न्यायिक प्रक्रिया आत्मसमर्पण का मतलब 'माफी' नहीं है, बल्कि यह कानूनी रियायत का मार्ग है। उन पर दर्ज मामलों की सुनवाई कोर्ट में होगी, लेकिन पुलिस उनके सहयोग के आधार पर 'धाराओं में ढील' देने की सिफारिश करेगी। वहीं खुफिया एजेंसियां इनसे संगठन के अंदरूनी ढांचों, भविष्य की योजनाओं और छिपने के ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाएंगी। फिलहाल इन सभी को 'पुनर्वास कैंप' में रखा जाएगा जहाँ इन्हें राजमिस्त्री, सिलाई, ड्राइविंग या कृषि जैसे व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

**सुरक्षा घेरा**- संगठन से विद्रोह करने के कारण इनकी जान को खतरा हो सकता है, इसलिए संवेदनशील कैडर्स को पुलिस सुरक्षा या सुरक्षित स्थानों पर आवास मुहैया कराया जाएगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान दैनिक जीवन में सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग तथा इंटरनेट से होने वाले लाभ एवं सावधानी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रजेंटेशन के माध्यम से शासन के दैनिक कार्य एवं नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये इंटरनेट एवं एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में जागरूक करने के बारे में बताया गया। डिजिटल पेमेंट, ईशापिंग, ईलर्निंग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले स्कैम से सावधानी रखने के उपाय बताया गया। साथ ही किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होने की जानकारी दी गई। वर्तमान में आम लोगों से ओटीपी स्कैम, यूपीआई स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, नकली एसएमएस, अज्ञात



एपीके फाईल, वित्तीय धोखाधड़ी, व्हाट्सअप वाईस, वीडियो काल के माध्यम से व्यापक पैमाने पर ठगी का कार्य किया जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को इन स्कैम से बचने के प्रभावी तरीके बताये गये। जिसमें अनजान व्यक्तियों को ओटीपी नहीं देना, एपीके फाईल को नहीं खोलना, सोशल मीडिया में व्यक्तिगत जानकारी शेयर नहीं करने सहित अन्य सावधानी के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोराम, एसडीएम श्री गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला ई-गवर्नेस सोसायटी श्री अनिकेत साहू, सहायक प्रबंधक जिला ई-गवर्नेस सोसायटी श्री आशीष स्वर्णकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिव सेवा मंडल द्वारा शिवरात्रि महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हेमू कालानी नगर लालबागेश्वर धाम जो की गली नंबर 5 में शिव सेवा मंडल द्वारा संचालित प्राचीन सिद्ध पीठ है, जहां भोले बाबा सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं शिव सेवा मंडल के वरिष्ठ सदस्य आवतराम तेजवानी ने बताया कि इस वर्ष 13 फरवरी शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी के उपलक्ष में रात्रि 7:00 बजे हल्दी एवं इत्र फूलों से भगवान लाल बागेश्वर एवं गौरी मां का अभिषेक किया जाएगा। साथ ही रात्रि 9 बजे खाटू श्याम के गायको के द्वारा संगीतमय भजन एवं सुंदरकांड का आयोजन गली नंबर 5 में रखा गया है।

**महाकाल पालकी यात्रा होगी आकर्षण का केंद्र**

संस्था के सदस्य अनिल तेजवानी एवं प्रकाश आहूजा ने बताया कि 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस पर शाम को 6:00 बजे महाकाल एवं लाल बागेश्वर महादेव को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं शाम 7:00 बजे आकर्षक रूप से बैंड बाजे एवं रंगीन लाइटिंग के साथ भगवान महाकाल की पालकी यात्रा हेमू कालानी नगर में निकाली जाएगी।

संस्था के सदस्य राजेश तेजवानी एवं विनोद लुल्ला ने बताया कि इस अवसर पर महिलाएं लाल ड्रेस एवं पुरुष बनियान एवं धोती ( या पजामा) में पालकी को उठाएंगे। पालकी भ्रमण के पश्चात दुर्गा मंदिर में मां गौरी की महाआरती का कार्यक्रम होगा तत्पश्चात प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

**भूत पिशाच नाचेंगे बारात में**

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन लाल बागेश्वर भोले बाबा एवं माता गौरी का दुग्ध अभिषेक किया जाएगा, तत्पश्चात संध्या 7:00 बजे से हेमू कॉलोनी नगर में अद्भुत रूप से भूत पिशाच एवं राक्षस नदी इत्यादि भोले बाबा की बारात में हेमू कॉलोनी नगर का भ्रमण करेंगे और दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे जहां पर वैदिक एवं सनातन पद्धति से पूरे सम्मान के साथ भोले बाबा की विवाह रस्म माता पार्वती से संपन्न होगी। तत्पश्चात प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन रखा गया है ।

**काशी के अघोडी भक्तों द्वारा अद्भुत लीला का प्रदर्शन होगा**

शिवरात्रि के दिन विश्वनाथ काशी के अघोरी भक्तों द्वारा भस्म आरती के अलावा अद्भुत लीला का प्रदर्शन होगा जिसमें शिवजी की भक्ति भी प्रदर्शित होगी ।

**पूज्य सिंधी पंचायत का आग्रह**

पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुन दास पंजवानी घनश्यामदास गंगवानी, आवतराम तेजवानी, गुरमुखदास वाधवा अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने सभी शिव भक्तों को उक्त आयोजन में उपस्थिति का आह्वान किया है और इस तरह की अनोखी तथा आध्यात्मिक विवाह रस्म पर अपनी उपस्थिति देकर अपना भाग्य जगाने का आवाहन किया है।

# जनपद पंचायत छुईखदान के कथित फर्जी बजट पर कार्रवाई ठप, जवाबदेही से बचते अधिकारी

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत छुईखदान में वर्ष 2025-26 के लिए कथित फर्जी एवं बोगस बजट तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने के गंभीर आरोपों को लेकर उठी शिकायत को चार महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक इसका ठोस निराकरण नहीं हो सका है। शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार पत्राचार, जिला पंचायत स्तर से निर्देश और अंततः जांच दल के गठन के बावजूद कार्रवाई की गति बेहद धीमी बनी हुई है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**अखबारों में खुलासा, फिर भी प्रशासन मौन**

अक्टूबर 2025 में जिला एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि जनपद पंचायत छुईखदान का वर्ष 2025-26 का बजट बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए, अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर से अनुमोदन हेतु जिला कार्यालय भेज दिया गया है। इस पर जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्य एवं संचार एवं संकर्म स्थायी समिति के सभापति सुधीर गोलछा ने इसे फर्जी और बोगस बताते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में स्पष्ट रूप से कहा गया कि न तो सामान्य सभा की बैठक में और न ही किसी स्थायी समिति—सामान्य प्रशासन, संचार, कृषि या महिला एवं बाल विकास—की बैठक में बजट पर चर्चा हुई और न ही अनुमोदन लिया गया। इसके बावजूद बजट को वैध बताकर प्रस्तुत किया जाना नियमों का खुला उल्लंघन है।

**7 दिन, फिर 3 दिनज् पर रिपोर्ट नहीं**

जिला पंचायत कार्यालय ने 6 नवंबर 2025 को जनपद पंचायत छुईखदान के



मुख्य कार्यपालन अधिकारी से सात दिनों के भीतर प्रतिवेदन मांगा, लेकिन निर्धारित समयसीमा में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद 5 फरवरी 2026 को पुनः तीन दिनों के भीतर प्रतिवेदन देने के निर्देश जारी किए गए। इसके बावजूद रिपोर्ट का अभाव बना रहा, जिससे यह सवाल उठने लगे कि क्या जानबूझकर मामले को लंबित रखा जा रहा है।

**जांच दल बना, पर नतीजा नदारद**

लगातार दबाव के बाद 4 फरवरी 2026 को जिला पंचायत द्वारा संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। इस दल में जिला पंचायत की लेखाधिकारी को प्रभारी अधिकारी तथा विकास विस्तार अधिकारी और सहायक लेखा परीक्षण अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शिकायत की सूक्ष्मता से जांच कर तीन दिनों के भीतर संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।हालांकि जांच दल के गठन को भी कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है और न ही किसी तरह की अंतरिम कार्रवाई सामने आई है। इससे यह आशंका गहराती जा रही है कि मामला ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है।

**बिना बजट अनुमोदन के राशि आहरण के आरोप**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्षों में बिना बजट अनुमोदन के राशि आहरण किया गया, जो वित्तीय नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल प्रक्रियागत त्रुटि नहीं बल्कि बड़े वित्तीय अनियमितता का मामला बन सकता है।

**जनप्रतिनिधियों में असंतोष, पारदर्शिता पर सवाल**

महीनों तक कार्रवाई न होने से जनपद पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों में भी असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि शिकायत निराधार थी तो समय रहते उसका खंडन किया जाना चाहिए था, और यदि आरोप सही हैं तो दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com